परिशिष्ट–2/ Annexure-2

विद्यार्थी घोषणा एवं प्रतिज्ञा पत्र / STUDENT DECLARATION AND PLEDGE FORM

मैं,…….....(पूरा नाम), पुत्र/पुत्री.....
ग्राम/शहर.....जिला.....राज्य.....पिन…….....
शपथपूर्वक यह घोषणा करता/करती हूँ कि :

मुझे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के……..……..परिसर में,……पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 20___- 20___ में प्रवेश लेना है। मेरा CUET-PG- _____ रोल नंबर…… और वरीयता क्रमांक……है। मैं इस प्रवेश श्रेणी के लिए पूरी तरह पात्र हूँ और मेरे द्वारा जमा किए गए सभी विवरण व दस्तावेज़ सत्य एवं प्रामाणिक हैं।

मैं निम्नलिखित शर्तों एवं नियमों का पूर्णतः पालन करने के विषय में घोषणा एवं प्रतिज्ञा करता/ करती हूँ कि—

मैं निम्नलिखित शर्तों एवं नियमों का पूर्णतः पालन करने की **दृढ़ प्रतिज्ञा** करता/करती हूँ कि—

1. **नियमों का पालन / Compliance with Rules:** मैं विश्वविद्यालय, संबंधित परिसर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) तथा अन्य सक्षम प्राधिकारियों द्वारा समय-समय पर जारी नियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं एवं निर्देशों का निष्ठापूर्वक पालन करूँगा/करूँगी।

2. **उपस्थिति / Attendance:** मैं पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति संबंधी प्रावधानों का पूरी तरह पालन करूँगा/करूँगी तथा अपेक्षित उपस्थिति पूर्ण न होने की स्थिति में उसके समस्त परिणामों के लिए स्वयं उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी।

3. **अनुशासन / Discipline:** मैं विश्वविद्यालय/परिसर में सर्वोच्च अनुशासन बनाए रखूँगा/रखूँगी तथा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, रैगिंग, अवांछित गतिविधि अथवा विश्वविद्यालय की गरिमा के प्रतिकूल आचरण में संलिप्त नहीं रहूँगा/रहूँगी।

4. **सम्पत्ति की सुरक्षा / Protection of Property:** मैं विश्वविद्यालय/परिसर की चल एवं अचल सम्पत्ति, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, छात्रावास तथा अन्य संसाधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग करूँगा/करूँगी। मेरे द्वारा किसी प्रकार की क्षति पहुँचाए जाने पर विश्वविद्यालय/ परिसर द्वारा निर्धारित दण्ड एवं क्षतिपूर्ति देने के लिए बाध्य रहूँगा/रहूँगी।

5. **गतिविधियाँ एवं गणवेश / Activities & Dress Code:** मैं विश्वविद्यालय/परिसर द्वारा निर्धारित गणवेश (यूनिफॉर्म), आचार-संहिता तथा शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित निर्देशों का पालन करूँगा/करूँगी तथा आन्तरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक कार्य, प्रशिक्षण, संगोष्ठी एवं अन्य अनिवार्य गतिविधियों में अनिवार्य रूप से भाग लूँगा/लूँगी।

6. **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण / Electronic Gadgets:** मैं कक्षाओं, परीक्षा अथवा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के दौरान मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग संबंधी विश्वविद्यालय/परिसर के नियमों का दृढ़ता से पालन करूँगा/करूँगी।

7. **दोहरा नामांकन / Dual Enrollment:** मैं किसी अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान में समान स्तर के नियमित पाठ्यक्रम में अध्ययनरत नहीं हूँ तथा प्रवेश प्राप्ति के पश्चात यदि ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसकी सूचना तत्काल विश्वविद्यालय को दूँगा/दूँगी।

8. **नियमित सेवा/नियोजन / Regular Employment:** मैं किसी राजकीय अथवा अराजकीय संस्था में नियमित सेवा/नियोजन में नहीं हूँ। यदि प्रवेश के पश्चात किसी सेवा में मेरा चयन होता है, तो इसकी सूचना तत्काल परिसर प्रशासन को दूँगा/दूँगी तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करूँगा/करूँगी।

9. **प्रवेश निरस्तीकरण / Cancellation of Admission:** मैं यह स्वीकार करता/करती हूँ कि अपेक्षित पात्रता, दस्तावेजों की असत्यता, उपस्थिति की कमी, अनुशासनहीनता अथवा अन्य किसी वैधानिक कारण से विश्वविद्यालय द्वारा मेरा प्रवेश निरस्त किया जा सकता है तथा ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय का निर्णय मुझे अंतिम एवं बाध्यकारी रूप से मान्य होगा।

10. **अनधिकृत अनुपस्थिति / Unauthorized Absence:** मैं बिना पूर्व अनुमति एवं लिखित सूचना के दीर्घ अवधि तक अनुपस्थित नहीं रहूँगा/रहूँगी तथा विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार अनुपस्थिति के सभी परिणाम स्वीकार करूँगा/करूँगी।

11. **परिसर स्थानांतरण / Campus Transfer:** मैं यह प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि प्रवेश मिलने के उपरान्त परिसर स्थानान्तरण के लिए कोई दावा अथवा अनुरोध प्रस्तुत नहीं करूँगा/करूँगी, सिवाय उन विशेष परिस्थितियों के जिनके लिए विश्वविद्यालय की स्पष्ट नीति निर्धारित हो।

12. **वैधानिक कार्यवाही / Legal Action:** मैं विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियमों, आदेशों एवं निर्देशों का पूर्णतः पालन करने के लिए संकल्पबद्ध हूँ तथा किसी भी उल्लंघन की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा की गई वैधानिक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही को सहर्ष स्वीकार करूँगा/करूँगी।

मैं अपनी सत्यनिष्ठा से यह **शपथ लेता/लेती हूँ और प्रतिज्ञा करता/करती हूँ** कि इस प्रतिज्ञा पत्र में वर्णित सभी नियमों और कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करूँगा/करूँगी। यदि मैं इस प्रतिज्ञा के विरुद्ध कोई आचरण करता/करती हूँ, तो विश्वविद्यालय/परिसर को मेरा प्रवेश तत्काल निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(……...)

स्थान : _____दिनांक : ____ / ____ / _____ **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

अभिभावक की सहमति/ PARENT'S/GUARDIAN'S CONSENT

मैं श्री/श्रीमती .....(माता/पिता/अभिभावक), उपर्युक्त विद्यार्थी द्वारा ली गई इस प्रतिज्ञा और घोषणा-पत्र का पूरा अवलोकन कर इसकी समस्त शर्तों से सहमत हूँ तथा विद्यार्थी द्वारा इन सभी नियमों के निष्ठापूर्वक पालन हेतु अपनी पूर्ण सहमति प्रदान करता/करती हूँ।

(…….…….)

माता/पिता/अभिभावक के नाम : ..... **माता/पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर**

मोबाइल : .....